an>

Title: Need to release funds from Central Road Fund for the repair and maintenance of roads in Etawah, Auraiya and Kanpur Dehat regions of Uttar Pradesh-laid.

**श्री प्रेमदास (इटावा):** मान्यवर, मैं आपका ध्यान उ0 प्र0 की खस्ता हाल सड़कों की ओर दिलाना चाहता हूं। प्रदेश में सड़कों की स्थिति बहुत दयनीय है जिसके कारण सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं । इन दुर्घटनाओं में काफी लोग मृत्यु के शिकार हो रहे हैं । विशेषकर इटावा, औरया और कानपुर देहात में सड़कें टूटी फूटी हैं । जिसके कारण स्थानीय लोगों को सड़क पर चलने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इन क्षेत्रों से गुजरने वाले राष्ट्रीय राज्य मार्गों की भी दयनीय स्थिति है ।

सड़कों की खस्ता हाल को देखते हुए इटावा, कानपुर देहात और औरया में सड़कों के सुधार करने के लिए जल्द से जल्द सी.आर.एफ. की ओर से धनराशि उपलब्ध कराके इन सड़कों की हालत को सुधारने का काम करने का कष्ट करें ।